दिनांकः 18.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

शिक्षा नगरी कोटा में आज से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम–एमएसएमई एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस मेले का उद्‌घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे भी मौजूद रहेंगी। एक्सपो के जरिए कोटा की औद्योगिक पहचान राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी। एक्सपो में देशभर के एमएसएमई उद्यमी, स्टार्टअप्स और सार्वजनिक तथा निजी संस्थानों की करीब सौ स्टॉल्स लगाई गई हैं। इसके अलावा स्टार्टअप्स से जुड़ी महिलाएं भी इस एक्सपो में शामिल हो रही हैं। एक्सपो में पहली बार सुरक्षा बलों द्वारा शस्त्र प्रदर्शनी भी लगायी गयी है।

..................

गुड फ्राइडे पर आज प्रदेशभर के गिरिजाघरों में विशेष आयोजन हो रहे हैं। सुबह प्रार्थना सभाएं रखी गईं और ईसा मसीह का अंतिम संदेश पढ़कर सुनाया गया। ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशू के बलिदान और त्याग को आत्मसात करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशू ने मनुष्यता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपना जीवन उत्सर्ग किया था। इस दिन लोग मानवता और आपसी भाईचारा मजबूत करने का संकल्प लेते हैं। इस बीच, आगामी रविवार को प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने के उपलक्ष्य में ईस्टर को देखते हुए ईसाई समुदाय द्वारा विशेष आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा है कि यह दिन हमें प्रेम, सहानुभूति, दयालुता और उदारता की प्रेरणा देता है।

..................

सिक्ख धर्म के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर साहिब जी का आज प्रकाश पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। गुरु तेग बहादुर का जन्म 1621 में अमृतसर में हुआ था। उन्हें एक निर्भीक योद्धा के साथ ही आध्यात्मिक विद्वान और कवि के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर गुरुद्वारों में शबद कीर्तन के आयोजन किये जा रहे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मत्था टेकने और पवित्र गुरबानी सुनने के लिए जा रहे हैं।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए गुरु तेग बहादुर को धर्म और मानवता का रक्षक बताया है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु जी का त्यागमय और बलिदानी जीवन, चिरकाल तक मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

..................

विश्व विरासत दिवस पर आज प्रदेशभर के पुरातात्विक स्थलों और धरोहरों पर विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। विरासत दिवस की इस वर्ष की थीम – विरासत स्थलों पर आपदा और संघर्ष का संकट रखी गई है। इस अवसर पर सभी संरक्षित स्मारकों में दर्शकों के लिए निःशुल्क प्रवेश रखा गया है, जिसका सैलानी आनन्द उठा रहे हैं।
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की इस पहल का उद्देश्य लोगों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरुक और प्रेरित करना है। जैसलमेर में विरासत दिवस पर सोनार दुर्ग से हैरिटेज वॉक निकाली गई। इस मौके पर प्रसिद्ध पटवा हवेली पर चित्रकला और फोटो प्रदर्शनी भी आयोजित की गई है। जोधपुर और अजमेर में रेलवे की ओर से धरोहर संरक्षण पर भारतीय रेलवे की भूमिका पर प्रतियोगिता रखी गई। मुख्यमंत्री ने विश्व धरोहर दिवस की लोगों को शुभकामनाएं देते हुए राजस्थान की संस्कृति और समृद्ध ऐतिहासिक विरासत तथा धरोहरों के संरक्षण के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया।

......................

सीमावर्ती जिले बाड़मेर और असम के बीच जल्द ही इलैक्ट्रिक ट्रेन चलाई जाएगी। जोधपुर रेल मंडल के समदडी–बाडमेर रेल खंड पर चरणबद्ध तरीके से इलैक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा कर लिया गया है। गोवाहाटी–बाडमेर एक्सप्रेस आठ मई से शुरू होगी, जबकि गोवाहाटी से बीकानेर के बीच 26 अप्रैल से इलैक्ट्रिक इंजन वाली गाड़ी चलाई जाएगी।

..................

आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चैलेन्जर्स बेंगलुरु का सामना पंजाब किंग्स से होगा। मैच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमों के अभी छह मैचों से आठ अंक हैं।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 27 अप्रेल को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगी। इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

.........................